# माइनिंग में कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए एमओयू

## टेक्समिन, डीजीएम और एमपीएसएससीएल मिलकर करेंगे कार्य

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 17 सितंबर. प्रदेश के खनन क्षेत्र में डिजिटल-ट्रांसफोर्मेशन-4.0 को गति देने लिये आईआईटी धनबाद के टेक्नोलॉजी इनोवेशन एंड एक्सप्लोरेशन -माइनिंग (टेक्समिन) फाउंडेशन, प्रदेश के भू-विज्ञान एवं खनिज निदेशालय (डीजीएम) और मप्र राज्य खनिज निगम लिमिटेड (एमपीएसएससीएल) के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है. इस समझौते से प्रदेश में माइनिंग अन्वेषण, ऑटोमेशन और एआई-एनेबल्ड माइन-मैनेजमेंट सिस्टम जैसी उभरती तकनीकों का उपयोग कर खनन कौशल विकास, टेक्नोलॉजी एडॉप्टेशन और कैपेसिटी बिल्डिंग को बढ़ावा दिया जाएगा.**



एमओयू से प्रदेश के 'खनन 4.0' के संचालन में देश का अग्रणी राज्य बनने का मार्ग सुगम होगा. यह सहयोग प्रदेश को खनन क्षेत्र में डिजिटल-रोडमैप पर आगे बढ़ाने और प्रदेश को एक मॉडल-राज्य बनायेगा. इस पहल से खनिज अन्वेषण, संचालन और रोजगार के क्षेत्र में नई संभावनाएं के सृजन की उम्मीद है.

> एमओयू पर भोपाल में बुधवार को खनिज संसाधन के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सभी सझेदारों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किये. इस दौरान डीजीएम, एमपीएसएससीएल के वरिष्ठ अधिकारी टेक्समिन फाउंडेशन के प्रतिनिधि मौजूद थे. एमओयू से राज्य के खनन तंत्र में दीर्घकालिक लाभ की उम्मीद है. इससे खनन संचालन में दक्षता और सुरक्षा वृद्धि होगी, पारदर्शिता व निगरानी में सुधार होगा, जिससे संसाधन प्रबंधन बेहतर होगा, टेक्नोलॉजी-आधारित कौशल प्रशिक्षण से स्थानीय रोजगार व तकनीकी क्षमताओं में वृद्धि होगी और नवाचार-आधारित निवेश एवं अनुसंधान-उन्मुख परियोजनाओं के लिये नए अवसर सृजित होंगे.

# आज बड़वारा को सौगात देंगे सीएम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 17 सितंबर.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 18 सितंबर को कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड मुख्यालय में बड़वारा और विकासखंड रीठी में नवनिर्मित सांदीपनि स्कूल भवनों के लोकार्पण सहित 233.82 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां 106.18 करोड़ रूपये के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण और 127.64 करोड़ रूपये के 14 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे. मुख्यमंत्री हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी करेंगे.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव बड़वारा में मुख्यमंत्री निःशुल्क स्कूटी वितरण योजना, लाड़ली लक्ष्मी छात्रवृत्ति राशि, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन और ई-कृषि यंत्रीकरण अनुदान योजनांतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सेवा पखवाड़ा अभियान की थीम पर आयोजित वृहद प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे.

प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों और जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा एक जिला एक उत्पाद के तहत कटनी सैंड स्टोन से निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी.

> सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांगजनों की ई-स्क्रीनिंग और कृत्रिम उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी. नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के विभिन्न घटकों को प्रदर्शित करने वाले क्रियाकलापों को भी प्रदर्शित किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां एक पेड़ मां के नाम एवं एक बगिया मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण करेंगे और छात्रों की कक्षा में पहुंच कर चर्चा करेंगे.

## सोमेश्वर सिंह की किताब का विमोचन आज

**भोपाल.** कम्युनिस्ट आंदोलन के सौ साल होने पर इस विचारधारा की संस्थापक मातृ संस्था भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जनक स्व. श्रीपाद अमृत डांगे की स्मृति में लिखित किताब का विमोचन भोपाल में गुरुवार दोपहर 3 बजे होगा. बघेलखंड के वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और अधिवक्ता और सोमेश्वर सिंह द्वारा लिखित इस किताब का विमोचन वरिष्ठ पत्रकार और लेखक लज्जा शंकर हरदेनिया करेंगे. आयोजन की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजयसिंह राहुल भैया करेंगे और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव शैलेन्द्र शैली विशिष्ट अतिथि होंगे. यह विमोचन आयोजन तुलसी नगर में बघेलखंड सांस्कृतिक भवन में होगा.

# चीता धीरा को गांधी सागर अभयारण्य में छोड़ा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 17 सितंबर. परियोजना चीता में बुधवार को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गयी, जब कूनो राष्ट्रीय उद्यान की लगभग 7.5 वर्ष की मादा चीता धीरा को वन विभाग के अधिकारियों ने गांधी सागर अभयारण्य में दोपहर 2 बजे सफलतापूर्वक छोड़ा.**

यह अभियान सुबह कूनो राष्ट्रीय उद्यान से प्रारंभ हुआ, जहां वन विभाग की पशु चिकित्सा टीम, फील्ड स्टॉफ और वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी की. मादा चीता धीरा जो अपने परिवहन क्रेट में शांत, किन्तु सतर्क थी.




धीरा ने लगभग 7 घंटे की यात्रा एक विशेष वातानुकूलित वाहन में पूरी की. पूरी यात्रा के दौरान उसकी सेहत और सुरक्षा पर कड़ी निगरानी रखी गयी.

गांधी सागर अभयारण्य में जब क्रेट का दरवाजा खोला गया, धीरा ने कुछ क्षण रुककर अपने नये परिवेश को देखा और अपने नये घर की भूमि पर फुर्ती से छलांग लगाते हुए पहला कदम रखा. यह पुनर्वास भारत में चीता आबादी के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

> कूनो राष्ट्रीय उद्यान से पूर्व में भी 2 नर चीतों का पुनर्वास गांधी सागर अभयारण्य में किया गया था. मादा चीता का पुनर्वास होने से यह एक सक्षम प्रजनन आबादी का मार्ग प्रशस्त करेगा. यह परियोजना की दीर्घकालिक सफलता के लिये अत्यंत आवश्यक है. यह घटना केवल एक जानवर का पुनर्वास नहीं थी, बल्कि एक सपने की निरंतरता थी. भारत की अपनी खोयी हुई प्राकृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित करने की प्रतिबद्धता और टीम चीता के प्रत्येक सदस्य के लिये गौरव का क्षण था.

# भाषा स्वयं विकसित होती है : प्रो . सिंह

## भेल कॉलेज में 'हिन्दी उत्सव' का आयोजन

**भोपाल, 17 सितंबर. भेल क्षेत्र के बरखेड़ा स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (भेल कॉलेज) में हिन्दी उत्सव का शुभारंभ हुआ.**

हिन्दी उत्सव में संगोष्ठी, काव्यपाठ और 'राजभाषा हिन्दी की संवैधानिक यात्रा पर बहस की नाटकीय प्रस्तुति हुई. इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. उमेश कुमार सिंह ने कहा कि हिन्दी हमारे स्वाभिमान, जीवन मूल्यों, व्यवहार और साहित्य की भाषा है. भाषा का विकास व्यक्तियों द्वारा नहीं होता. भाषा स्वयं विकसित होती है. हिन्दी ने जनभाषा से राजभाषा तक की यात्रा तय की है. हिन्दी का परिदृश्य उज्ज्वल है. महाविद्यालय के हिंदी विभाग ,शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 'हिंदी उत्सव 'का शुभारंभ अतिथि डॉ.उमेश सिंह, कवि मनीष बादल, न्यास से आए बी.एस.रावत और प्राचार्य डॉ.संजय जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जैन ने कहा कि हिंदी निरंतर प्रगति – पथ पर अग्रसर हो रही है.

## खेत की मेड़ खोदने पर विवाद, डंडे से महिला का हाथ तोड़ा

**सलामतपुर.** थाना क्षेत्र के झुंड़खोह गांव में खेत की मेड़ खोदने पर महिला के साथ जमकर मारपीट की घटना हो गई. मारपीट से महिला का हाथ फैक्चर हो गया. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार झुंड़खोह गांव में दसोदी बाई धानक पति हरिसिंह धानक उम्र 45 वर्ष अपने भाई बबलू धानक के खेत की मेड़ की सफाई कर रही थी. सफाई के दौरान मेड़ थोड़ी सी खुद गई थी. इसी दौरान पड़ोसी किसान लखन धानक आया और बोला कि तुमने मेरी भूमि पर खुदाई कैसे की और गंदी गंदी गालियां देने लगा.

# स्वच्छता सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

**▸ प्रमुख सचिव पी . नरहरी पहुंचे मुगालिया हाट**

**बैरसिया, 17 सितंबर. ग्राम पंचायत मुगालिया हाट में बुधवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत भोपाल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिसके अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई.**



इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव पी. नरहरि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. अभियान के दौरान उपस्थित गणमान्यों एव ग्रामीणजनों ने सामुहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा. इसके बाद ग्राम पंचायत परिसर एवं सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण, हैंडपंप एवं जलश्रोतों का क्लोरीनेशन, सफाई अभियान तथा स्वच्छता शपथ जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए और ग्रामीणों को व्यक्तिगत स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया. साथ ही छात्र-छात्राओं को बीमारियों से बचने के लिए हाथ धुलाई अभियान के बारे में बताया. ग्राम के सफाई मित्रों का अभिवादन किया. इस अवसर पर प्रमुख अभियंता एसके अंधवान, मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र ) अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, एसडीएम हुजूर तहसील, आरईएस एवं जनपद पंचायत के अधिकारीगण तथा मुग़ालिया हाट के सरपंच सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एव ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

# 23 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**▸ बच्चों को दी जाएगी कृमिनाशक गोली**

**जूनियर रिपोर्टर**

**भोपाल, 16 सितम्बर. राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय भोपाल में किया गया. बैठक में 23 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया जायेगा.**

इस दिन 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में कृमिनाशक एलबेंडाजोल गोली खिलाई जाएगी. साथ ही 20 से 49 वर्ष तक की ऐसी महिलाएं, जो गर्भवती और धात्री नहीं हैं, उन्हें भी दवा दी जाएगी.

भोपाल में लगभग साढ़े नौ लाख बच्चों को यह गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है. कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए. जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश रावत ने बताया कि एलबेंडाजोल दवा स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंचा दी जाएगी. गोली खिलाने के लिए स्कूलों में नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो बच्चों को दवा सेवन के फायदे भी बताएंगे.

## रवींद्र भवन में श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन 23 से

**भोपाल.** प्रदेश में संस्कृति संचनालय के द्वारा श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद नई दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है. उत्सव का आयोजन 23 से 29 सितम्बर के बीच रवींद्र भवन में किया जा रहा है. कार्यक्रम रोजाना शाम 7 बजे से रवींद्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर होगा. उत्सव में देश विदेश से आये कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे. यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय आयोजन होगा, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के साथ साथ इंडोनेशिया, वियतनाम से भी कई कलाकार आएंगे. उत्सव में इस बार राम लीला का अनोखा संगम देखने को मिलेगा.



# मंडी में शुभ मुहूर्त में 4130 के भाव खरीदा नया सोयाबीन

**बैरसिया, 17 सितंबर. कृषि उपज मंडी बैरसिया में बुधवार को पहले दिन डाक नीलामी में किसान नये सोयाबीन की उपज लेकर आए. मंडी सचिव सुनील कुमार भालेकर गल्ला व्यापारियों के साथ डाक नीलामी शेड पहुंचे. जहां रेहटई गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली में नया सोयाबीन भरकर लाए किसान राहुल सिंह का स्वागत पुष्पमाला पहना कर किया.**

शुभ मुहूर्त में नई उपज पीला सोयाबीन की पूजा अर्चना कर डाक बोली शुरू कराई. दिव्य ट्रेडर्स ने उच्चतम 4130 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से 18 क्विंटल सोयाबीन से भरी पहली ट्राली खरीदी. जहां राघव ट्रेडर्स, आरके, मुकेश, गणेश, अमित, ज्योति ट्रेडर्स आदि ने नीलामी में भाग लिया. 25 बोरे के आसपास नया सोयाबीन किसान नीलामी में लेकर आए थे. मंडी में 4 हजार 7 सौ 75 बोरे जिंस चना, गेहूं, सोयाबीन आदि की आवक डाक नीलामी में दर्ज की गई., मंडी सचिव भालेकर ने बताया कि इस साल क्षेत्र में सोयाबीन उपज अच्छी हुई है. अनुमान है कि एक दो सप्ताह के बाद मंडी में सोयाबीन की बंपर आवक होगी. इस अवसर पर मंडी कर्मचारी ओपी रघुवंशी, आशा बाथम, रज्जुलाल विश्वकर्मा, विश्राम सिह, पन्नालाल साहू, राधेश्याम शर्मा, भीमसिंह कीर सहित किसान मौजूद थे.




# मोदी के जन्मदिन पर स्वास्थ्य शिविर

**बैरसिया, 17 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बुधवार को लायंस क्लब बैरसिया द्वारा पार्क के पीछे शांति कुंज कॉलोनी में नेत्र स्वास्थ्य एवं ब्लड शुगर परीक्षण शिविर का आयोजन किया.**

शिविर में थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन, पार्षद नितिन जैन, जितेंद्र शर्मा, श्याम मनोहर दुबे, प्रकाश जैन, डॉ रवि, लायंस क्लब के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, मनोहर लाहोटी, दीपक दुबे विशेष रूप से उपस्थित थे. शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और बुजुर्गों ने अपना ब्लड शुगर , बीपी एवं आंखों का परीक्षण कराया. उन्हें आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की और प्रधानमंत्री को जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वस्थ और दीर्घायु की कामना की. संचालन समाजसेवी दीपक दुबे ने किया.

# ग्राम पंचायत कलखेड़ा में स्वच्छता अभियान

**भोपाल, 17 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत कलखेड़ा के सरपंच संजय पाराशर ने ग्रामीणों के साथ ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय स्कूल एवं धार्मिक स्थान परिसर में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया. सरपंच पाराशर के साथ भाजपा रातीबड़ मंडल के अध्यक्ष मनोज काबार ने सफाईकर्मीऔ का सम्मान किया.**



सरपंच पाराशर ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी की जयंती तक ग्राम पंचायत के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा. प्रतिदिन साफ सफाई के साथ वृक्षारोपण, स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा. ग्राम पंचायत नाथू बरखेड़ा में सरपंच खेमचंद पटेल ने ग्रामीणों के साथ साफ सफाई अभियान चलाया. ग्राम पंचायत रातीबड़ में सरपंच ज्योति अजय राजोरिया ने ग्रामीणों के साथ गांव के सार्वजनिक स्थान पंचायत भवन, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्रों पर साफ सफाई अभियान कर सेवा पखवाड़ा मनाया. इस अवसर पर सरपंच पाराशर के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज काबार, मुकेश रजक महामंत्री, सचिन तिलक वर्मा, विशाल राजवंश, छोटे राम, नितिन, गीता बाई, माया खुराना एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे.

**Name Correction Notice**

I, REETESH SEVAKRAM UKEY, S/o Mr. SEVAKRAM VITHOBAJI UKEY, declare that my correct name is REETESH UKEY. Both names belong to the same person i.e., myself.

**Name Correction Notice**

I, NEELAM REETESH UKEY, W/o Mr. REETESH UKEY, declare that my correct name is NEELAM UKEY. Both names belong to the same person i.e., myself.

**कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त, चूनाभट्टी, नगरीय पुलिस, भोपाल (म.प्र.)**

**गुमशुदा/ व्यपहृत बालक की तलाश हेतु**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोलार रोड भोपाल के अप.क्र. 109/24 धारा 363 भादंवि में व्यपहृत बालक गोलू शाक्य पिता संजय शाक्य, उम्र 15 वर्ष, निवासी म.नं. ए.आर.-39, सस्ता भंडार के पास, कोलार रोड भोपाल के गुमने के संबंध में परिजनों द्वारा रिपोर्ट की गई है. गुमशुदा/ व्यपहृता दिनांक 18/2/2024 के शाम करीब 4 बजे अपने घर के पास से कहीं चला गया है, जिसका आज दिनांक तक कुछ पता नहीं चला है. गुमशुदा/ व्यपहृता का हुलिया- उम्र 15 वर्ष, रंग- सांवला, चेहरा- हल्का लंबा, कद- करीबन 05 फीट, बदन- दुबला-पतला, दीमागी तौर पर कमजोर, बोल नहीं पाता (गूंगा है), काले रंग की फुल गर्म बनियान, काले रंग की जींस पहने है, बाल- छोटे काले हैं, पढ़ा-लिखा नहीं है. यदि गुमशुदा/ व्यपहृता के संबंध में किसी को कोई जानकारी है व प्राप्त होती है तो कृपया थाना कोलार रोड भोपाल, फोन नं.- 0755-2443989 तथा मो.नं. 9754961811, 7049135280 पर सूचित करने का कष्ट करें.

(अंजली रघुवंशी)
सहायक पुलिस आयुक्त
चूनाभट्टी नगरीय पुलिस, भोपाल

G18769/25

**आयोजन ▸ मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र विषय पर कार्यशाला प्रारंभ**

# शिक्षा में आनंद के साथ ही उल्लास होना चाहिए : प्रो . सुषमा

**भोपाल 17 सितंबर. मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में बुधवार को दो दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ हुआ. यह कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप राजनीति शास्त्र विषय के स्नातक द्वितीय वर्ष एवं स्नातक तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर के तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के पाठ्यक्रम निर्माण के लिए आयोजित की गई है.**

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विषय विशेषज्ञ एवं अध्यक्ष के रूप में प्रो. सुषमा यादव, पूर्व सम-कुलगुरु, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़, हरियाणा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. उत्तम सिंह चौहान, संयुक्त संचालक, मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे. इस दो दिवसीय कार्यशाला में राजनीति विज्ञान विषय के पूरे प्रदेश से लगभग 21 विषय विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं, जो राजनीति विज्ञान विषय के पाठ्यक्रम पर अपनी अनुशंसाएं उच्च शिक्षा विभाग के केंद्रीय अध्ययन मंडल को सौंपेंगे.

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. सुषमा ने कहा कि आज हमें आवश्यकता है कि हम भारत के दर्शन को पुनः स्थापित करें. उन्होंने कहा कि हमें भारतीय दर्शन को समझना है और उसमें जो ज्ञान शाश्वत है, समसामयिक है, उसको हमें पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने का प्रयास करना है. उन्होंने कहा कि सिखाने की कला ऐसी हो कि विद्यार्थी खेल-खेल में ही सीख जाएं. शिक्षा में उल्लास होना चाहिए, शिक्षा आनंददायक होना चाहिए. कार्यशाला में बीज वक्तव्य देते हुए मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के संयुक्त संचालक प्रो. चौहान ने कहा कि हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार भारतीय राजनीतिक चिंतन के आधार को खोजना है और उसे पाठ्यक्रम में शामिल करना हैद्य हमें परंपरा और प्रणाली में अंतर को भी समझना होगा.



> मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग के निदेशक प्रो. एल.पी. झरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए दो दिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा सामने रखी तथा इस संबंध में मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के संबंध में चर्चा की. उन्होंने कहा कि हमें पाठ्यक्रम निर्माण करते समय भारतीय विचारकों और पश्चिमी विचारकों को सही अनुपात में स्थान देने की आवश्यकता है. इस अवसर पर कार्यशाला के आयोजन सचिव और मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. सुशील मंडेरिया ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की बात सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में की थी.